तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, सोमवार 8 जनवरी 2024

12 राम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर जबर्दस्त उत्साह

11 रसमड़ा में हुआ वार्षिकोत्सव, विद्यार्थियों ने शानदार ...




## खबर संक्षेप



### खुंदनी में सड़क सीमेंटीकरण कार्य में लापरवाही का आरोप

**गुरूर।** ग्राम खुंदनी में चल रहे सड़क सीमेंटीकरण कार्य में लापरवाही का आरोप ग्रामीणों ने लगाया है। ग्रामीणों ने कहा कि सड़क बनने के साथ ही बिखरने लगी है। कार्य के दौरान पानी नहीं डालने का आरोप भी ग्रामीण ने लगाया है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि निर्माण कार्य स्थल पर सूचना बोर्ड नहीं लगाया गया है, जिससे कार्य के संबंध में सही वह पूरी जानकारी नहीं है। निर्माण कार्य में लगे लोगों से बात करने पर वे यही बताते हैं कि कार्य लोक निर्माण विभाग द्वारा कराया जा रहा है एवं सीमेंटीकरण का कार्य है। कितनी लंबी चौड़ी सड़क बनेगी इसकी लागत क्या है, उसकी मोटाई क्या है यह जानकारी नहीं बताते। ग्रामीणों का यह भी आरोप है कि वे लगातार कार्य स्थल पर जा रहे हैं, लेकिन विभाग का कोई अधिकारी वहां कभी नजर नहीं आया। ठेकेदार का इंजीनियर भी नहीं दिखा। आरोप है कि कार्य पूरी तरह मजदूरों मिस्त्री व ठेकेदारों के भरोसे छोड़ दिया गया है।

### बरपारा में श्री मद भागवत कथा 22 से



**गुरूर।** ब्लाक के ग्राम बरपारा में श्री मद भागवत पुराण ज्ञान यज्ञ का आयोजन समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से किया जा रहा है। कार्यक्रम 22 से 28 जनवरी तक कुल सात दिन चलेगा। कार्यक्रम के कथावाचक महर्षि मुक्त प्रपत्र सत्यानंद महाराज होंगे।

### बेलौदी में हुई सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता

**लाटाबोड़।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेलौदी में 6 जनवरी को राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अंतर्गत क्विज का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में शाला के कक्षा नवमीं से बारहवीं तक छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। व्याख्याता नरेन्द्र कुमार साहू ने बताया कि प्रतियोगिता में शाला के सभी विषय शिक्षकों द्वारा अपने-अपने विषय से संबंधित प्रश्न पूछे गए। प्रतियोगिता में कुणाल साहू पिता नारद राम कक्षा दसवीं ने 32 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। उक्त छात्र का नाम आगे विकासखंड स्तरीय प्रतियोगिता के लिए भेजा गया है।

### जनपद पंचायत गुरूर की शिक्षा स्थाई समिति की बैठक आज

**गुरूर।** जनपद पंचायत गुरूर की शिक्षा स्थाई समिति की बैठक 8 जनवरी को 11 बजे जनपद पंचायत गुरूर के सभाकक्ष में आयोजित की गई है। इसमें अध्यक्ष शिक्षा स्थाई समिति तोषण लाल साहू, सदस्य राज श्री यादेश्वर, लक्ष्मी विजय साहू, डिवेश्वरी केशव बंधु, एस कुमार कलिहारी उपस्थित रहेंगे। बैठक में स्कूल शिक्षा विभाग समीक्षा, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धा पेशन, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेशन, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, सुखद सहारा पेंशन पर चर्चा की जाएगी।

# गुरुर से सनौद के बीच सड़क निर्माण में लापरवाही, आए दिन हो रहीं दुर्घटनाएं

## सड़क किनारे सफेद पट्टी व संकेतक के अभाव में वाहन चालकों को हो रही परेशानी

हरिभूमि न्यूज:गुरूर

लोक निर्माण विभाग द्वारा सड़क निर्माण में बरती जा रही लापरवाही का खामियाजा राहगीरों एवं वाहन चालकों को भुगतना पड़ रहा है। वे लगातार दुघर्टना का शिकार हो रहे हैं। मामला गुरुर से सनौद के मध्य बन रही सड़क का है। सड़क बने अभी 1 साल भी नहीं हुआ है और उसमें मरम्मत करने का कार्य प्रारंभ हो गया है। वहीं, सड़क में अभी तक सफेद पट्टी नहीं लगाई गई है, जिससे रात में कोहरे के कारण सड़क का किनारा समझ नहीं आता।

सड़क निर्माण करने वाले ठेकेदार पर लोक निर्माण विभाग इतना मेहरबान है कि उसने पुल पुलियों में सुरक्षा दीवार नहीं बनाई पर उसे देखने वाला कोई नहीं है। पुल पुलिया पर सड़क किनारे रेलिंग नहीं बनाने और समतल सपाट होने के कारण पुल पुलिया में वाहन पलटने लगे हैं। वहीं, सड़क किनारों की पटरी में भी पुल पुलियों के पास कोई सांकेतिक बोर्ड नहीं लगाया गया है, जिससे भी दुर्घटनाएं लगातार हो रही हैं।




### पुलिया के पास पलट गई कार

ऐसी ही एक घटना बीते दिनों हो गई थीं, जब ग्राम धनेली से गुरुर की ओर आ रही कार क्रमांक सी.जी. 07 सीई 8811 पुलिया के पास सुरक्षा दीवार व पुलिया के पास सांकेतिक बोर्ड नहीं होने के कारण रात के अंधेरे में पलट गई। हालांकि दुर्घटना में वाहन सवारों को मामूली चोटें आई हैं।

### टायर व म्युजिक सिस्टम की चोरी

प्राप्त जानकारी के अनुसार रात का समय होने एवं ठंड के कारण वाहन चालक व अन्य सवार वाहन से निकलकर चले गए। लेकिन रात भर में ही वाहन के टायर एवं म्यूजिक सिस्टम को चोर चोरी कर ले गए।

**धान खरीदी**

**समर्थन मूल्य पर जारी धान खरीदी के लक्ष्य से काफी पीछे चल रहा है जिला**

# मात्र 18 दिन में 41 हजार किसान कैसे बेच पाएंगे साढ़े 20 लाख क्विंटल धान

हरिभूमि न्यूज▯बालोद

समर्थन मूल्य पर जारी धान खरीदी के लक्ष्य से जिला काफी पीछे चल रहा है। इधर जनवरी माह की 31 तारीख तक केवल 18 दिनों में 41 हजार 71 किसानों को 20 लाख 58 हजार क्विंटल से अधिक धान बेचना होगा। लेकिन, समय की कमी और मौसम में लगातार हो रहे परिवर्तन से किसानों की मुश्किलें बढ़ती दिख रही हैं।

जिले के पंजीकृत किसानों से धान खरीदने का शासन से जो 68 लाख 65 हजार 880 क्विंटल का लक्ष्य मिला था, वह पूरा हो पाएगा या नहीं यह यह बड़ी चुनौती है। हालांकि किसानों को उम्मीद है कि खरीदी अंतिम तारीख का समय शासन द्वारा बढ़ाया जा सकता है, लेकिन शासन द्वारा अब तक इस विषय को लेकर कोई आदेश जारी नहीं किया है।



**20 लाख 58 हजार क्विंटल धान खरीदी शेष**

एक नवंबर को शुरू हुए धान खरीदी का कार्य अभी जारी है। खरीदी को लेकर अब महज 18 दिन ही शेष रह गया है, ऐसे में बचे हुए 41 हजार से अधिक पंजीकृत किसान 20 लाख 58 हजार क्विंटल से धान बेचेंगे, जो असंभव लग रहा है। आपको बता दें कि वर्ष 2022-23 में मौसम खराब होने से कई दिनों तक खरीदी प्रभावित रही, जबकि इस साल 2023-24 में खरीदी के दौरान मौसम की वजह से केवल तीन दिन ही खरीदी कार्य प्रभावित रही। अब आने वाले दिनों में मौसम में बदलाव होने की संभावना जताई जा रही है।

### जिले में 55.85 प्रतिशत धान खरीदी, उठाव का कार्य बहुत धीमा

जिले के 149171 पंजीकृत किसानों में से अब तक 108100 किसानों ने 4807526 क्विंटल धान जिले के 143 उपार्जन केंद्रों में बेचा है। अब तक धान खरीदी जिले में 55.85 प्रतिशत हुई है, जबकि बीते वर्षों के मुताबिक कम है। हालांकि 18 दिनों में शेष बचे हुए किसानों से धान खरीदा जाएगा। इधर, धान के उठाव की बात करें, तो प्रशासन ने धान के उठाव को लेकर कोई ठोस कदम नहीं उठाए हैं। इसी का नतीजा है कि आज भी धान का उठाव कछुआ गति से हो रहा है। 28,58,133 क्विंटल धान का उठाव किया गया है जबकि 19,49,390 क्विंटल धान उपार्जन केंद्रों में रखा हुआ है।

# चोरी के कारण उपजे विवाद में चली गई दो की जान




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरूर

उसरवारा दोहरी हत्या के मामले में हत्या का कारण पैसा चोरी करने के कारण उपजा पारिवारिक विवाद बताया जा रहा है। पुलिस द्वारा की गई पूछताछ में आरोपी ने हत्या का यही कारण बताया है।

- उसरवारा में हुए दोहरे हत्याकांड के मामले में पुलिस ने किया खुलासा

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार आरोपी ने अपनी पत्नी को टंगिया से मारकर अधमरा कर दिया, जबकि अपनी माता और स्वयं के 2 माह के बच्चे की हत्या कर दी। वहीं, दूसरे गांव गए अपने पिता की भी हत्या के बाद आत्महत्या करने वाला था। पुलिस के अनुसार आरोपी द्वारा 40,000 रूपये चोरी करने की बात पर परिवार से अनबन थी। पुलिस थाना पुरूर द्वारा आरोपी को जेल भेजा गया। ग्राम उसरवारा निवासी भवानी निषाद पिता जलंधर निषाद 27 वर्ष द्वारा अपने गांव के एक व्यक्ति का एटीएम कार्ड चोरी कर 40,000 हजार रूपये निकालने की बात सामने आ रही है। ▶▶ शेष पेज 10 पर

# जेल से छूटते ही शातिर चोर ने घूम-घूमकर उड़ाया पांच दोपहिया


हरिभूमि न्यूज▯बालोद

जिले में हो रही वाहन चोरी के मामले में जिला पुलिस बल व सायबर सेल की संयुक्त टीम ने एक शातिर बाइक चोर को गिरफ्तार करते हुए उसके कब्जे से दो मोटर साइकिल व तीन एक्टिवा वाहन बरामद करने में सफलता पाई है। आरोपी हाल ही में जेल से जमानत पर छूटकर बाहर निकला था। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश किया जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है।

- पुलिस व सायबर की संयुक्त टीम ने किया गिरफ्तार

पुलिस सूत्रों ने बताया कि पकड़े गए आरोपी वाहन चोर का नाम उमेश यादव उर्फ सन्नाटा पिता संतराम यादव 36 वर्ष निवासी एसटीएफ कॉलोनी ग्राम बघेरा थाना कोतवाली जिला दुर्ग है। आरोपी कुछ दिनों पूर्व ही जेल से जमानत पर रिहा हुआ था और इसके बाद उसने फिर से अपराध करना शुरू कर दिया था। ज्ञात हो कि 5 नवंबर को गंजपारा बालोद निवासी मोहम्मद नाजिर अहमद की मोटर सायकल जो गैरेज के सामने खड़ा था, जिसे किसी अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ले गया था। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी की पतासाजी की जा रही थी। जिस पर गठित टीम द्वारा प्रकरण के एसटीएफ कॉलोनी ग्राम बघेरा थाना कोतवाली दुर्ग निवासी आरोपी उमेश यादव यादव को संदेह के आधार पर पकड़कर पूछताछ की गई तो उसने अपना अपराध स्वीकार कर लिया।

### इन स्थानों से उड़ाया वाहन

आरोपी ने 5 दिसंबर को गंजपारा बालोद से हीरो होण्डा सीडी डान सीजी 07 एल 1930 और नवम्बर माह में गुण्डरदेही बस स्टैण्ड से एक्टिवा सीजी 05 एच 9211, 09 दिसंबर को ग्राम पांगली से मोटर सायकल होण्डा साइन क्रमांक सीजी 07 डीके 8406 तथा 17 दिसंबर को ग्राम चौनगंज गुण्डरदेही से स्कूटी टीवीएस जुपिटर क्रमांक सीजी 07 बीके 7706 एवं 28 दिसंबर को राजनांदगांव से होण्डा एक्टिवा क्र. सीजी 08 यू 1037 की चोरी कर अलग-अलग स्थानों में रखा था। आरोपी के निशानदेही पर 3 नग एक्टिवा एवं 2 नग मोटर सायकल बरामद किया गया है।

# छग टीचर्स एसोसिएशन ने की कलेक्टर से भेंट



**बालोद।** संयुक्त जिला कार्यालय में नव पदस्थ कलेक्टर बालोद इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल से छत्तीसगढ टीचर्स एसोसिएशन जिला संगठन बालोद के पदाधिकारियों ने मुलाकात की व संगठन की ओर से स्वागत किया गया। मुलाकात के दौरान कलेक्टर द्वारा जिले में शैक्षणिक गतिविधियों पर भी चर्चा की गई। मुलाकात करने वालों में एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष दिलीप साहू, जिला संयोजक रामकिशोर खरांशु, महामंत्री शेषलाल साहू, जिला कोषाध्यक्ष पवन कुम्भकार, ब्लॉक अध्यक्ष गुरूर सूरज गोपाल गंगबेर, ब्लॉक अध्यक्ष डौंडी लोहारा अविनाश साहू, उपाध्यक्ष मनीष देशमुख व डीपी कस्तुरे शामिल थे।

हरिभूमि
## पाठक सूचना
बालोद जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425559113, 9425565082
दल्लीराजहरा - 9993246100

### यातायात पुलिस ने चलाया वाहन जांच अभियान



**गुरूर।** ग्राम पलारी और देवकोट के बीच यातायात विभाग द्वारा गुजरने वाले वाहनों की जांच के साथ ड्राइविंग लाईसेंस और गाड़ी के पेपर की जांच की जा रही है। वहीं, लोगों को सुरक्षित वाहन चलाने की समझाइश दी जा रही है। लोगों से कहा जा रहा है कि दोपहिया चालक हेलमेट लगाकर चलें तथा चारपहिया चालक सीट बेल्ट लगाकर चलें, जिससे दुर्घटना से वे बच सकें।



## खबर संक्षेप



### हिंद मजदूर सम्मेलन में शामिल हुए कर्मचारी

**भिलाई।** हिन्द मजदूर सभा की हीरक जयंती वर्ष समारोह के रूप में हिन्द मजदूर सभा का राष्ट्रीय अधिवेशन नागपुर में सम्पन्न हुआ। सम्मेलन में भिलाई से भी यूनियन के पदाधिकारी शामिल हुए। बीएसपी कर्मचारियों की समस्याओं पर ध्यानाकर्षित किया। अध्यक्षता हिन्द मजदूर सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एस राजा श्रीधर ने की। समारोह का संचालन राष्ट्रीय महासचिव हरभजन सिंह सिद्धू ने किया। एस राजा श्रीधरपुनः अध्यक्ष व महासचिव हरभजन सिंह सिद्धू चुने गए। स्मेफी के कार्यकारी अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह ने सेल कर्मचारियों की लंबित मांगें जल्द पूर्ण नहीं होने पर राष्ट्र व्याप हड़ताल की बात कही। यूनियन के कार्यकारी अध्यक्ष एचएस मिश्रा के नेतृत्व में भिलाई व कोरबा से अनेक कर्मियों भाग लिया।

### महिलाओं को शिक्षित करने सावित्रीबाई फुले के योगदान को किया याद

**भिलाई।** महिला सशक्तिकरण संघ जिला दुर्ग द्वारा देश की प्रथम शिक्षिका सावित्रीबाई फुले जयंती वंदना संघ बुद्ध विहार दुर्गा नगर भिलाई में जयश्री बौद्ध के अध्यक्षता में मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुवात सावित्रीबाई के तैलचित्र पर दीप प्रज्वलित एवं माल्यार्पण कर की गई। इस दौरान मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष प्रज्ञा बौद्ध ने सावित्रीबाई फुले के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा की बुद्ध विहार शिक्षा का केन्द्र होना चाहिए। डॉ आंबेडकर सुगत वंदना संघ बुद्ध विहार अध्यक्ष विजय कुमार दहाटे, रजंना वालवांद्रे, आरके साखरे, सविता मेश्राम सहित सभी ने भीमा कोरेगांव एवं सावित्रीबाई फुले के जीवन और कार्य पर प्रकाश डाला। विशिष्ट अतिथि संकल्प बंसोड व आरके गाडगे ने समाज के वर्तमान परिस्थितियों से अवगत कराया। कार्यक्रम का संचालन कल्पना गजभिए एवं आभार प्रतिमा गेडाम ने किय। इस अवसर पर मीना नारनौरे, रंजना वालवांद्रे, निशा दाहाटे, सविता पाटिल, अनिता गजभिए, पदमा डोंगरे, सुनीता सुखदेवे सहित अनेक समाजिक जन उपस्थित थे।

## पेज 9 का शेष


### चोरी के कारण उपजे ...

इससे पूरे गांव में फैलने से बदनामी होने के कारण इसी बात को लेकर उसका अपनी पत्नी के साथ वाद विवाद हो गया। इससे अवसादग्रस्त होकर अपनी मां शांति बाई निषाद, पत्नी जागेश्वरी निषाद एवं 2 माह के पुत्र पर धारदार टंगिया से ताबड़तोड़ वार कर दिया। इससे जहां उसकी मां और बच्चे की मौत हो गई, वहीं उसकी पत्नी जिन्दगी और मौत के बीच झूल रही है। इस मामले में पुरूर थाना पुलिस ने 6 जनवरी को धारा 302, 307 कायम कर विवेचना में लिया है। आरोपी द्वारा घटनाकारित करने में प्रयुक्त लोहे का टंगिया खून से सना हुआ व आरोपी के पहने हुए रक्त रंजित शर्ट को जब्त किया गया है। आरोपी के खिलाफ धारा 302, 307 दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है।

# सेल को मिला पटना मेट्रो प्रोजेक्ट का कांट्रेक्टः बीएसपी करेगा आर-260 ग्रेड रेल की आपूर्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

अलग खबर



## 1200 टन आर-260 ग्रेड रेल की आपूर्ति की जाएगी

सेल को पटना मेट्रो परियोजना के लिए रेल की आपूर्ति के लिए दिल्ली मेट्रो रेल कार्पोरेशन (डीएमआरसी) से कांट्रेक्ट मिला है। कांट्रेक्ट के तहत भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा 1200 टन आर-260 ग्रेड रेल की आपूर्ति की जाएगी। बीएसपी द्वारा 13 मीटर लंबाई में 1200 टन आर-260 रेल की आपूर्ति करना शामिल है। संयंत्र के रेल एंड स्ट्रक्चरल मिल में उत्पादित इन रेल्स का उपयोग पटना मेट्रो परियोजना के अंतर्गत बनने वाले नए आईएसबीटी डिपो के भीतर ट्रैक स्थापना के लिए किया जाएगा।

पटना मेट्रो, पटना में निर्माणाधीन एमआरटीएस लाइन है, जिसे 5 चरणों में पूरा किया जाएगा। इस परियोजना का स्वामित्व और संचालन का अधिकार पटना मेट्रो रेल कर्पोरेशन के अंतर्गत है। 30.91 किमी लंबी पटना मेट्रो परियोजना फेज़-1 के लिए नए आईएसबीटी डिपो का निर्माण कार्य चल रहा है। इस सुविधा का उपयोग पटना मेट्रो की लाइन-1 (दानापुर छावनी-खेमनीचक) और लाइन-2 (पटना जंक्शन रेलवे स्टेशन-न्यू आईएसबीटी) पर चलने वाली ट्रेनों के लिए मेंटेनेंस और स्टेबलिंग प्वाइंट के रूप में किया जाएगा।

## 12 हजार कर्मचारी व 30 हजार मजदूर कार्यरत होने से प्रबंधन की बढ़ी चुनौती

# बीएसपी में नियमित कर्मी व ठेका मजदूरों के बीच बढ़ रहा असंतुलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

सेल की ध्वजवाहक इकाई भिलाई इस्पात संयंत्र में नियमित कर्मचारियों और ठेका मजदूरों की संख्या के बीच बढ़ता संतुलन लाइलाज समस्या बनती जा रही है। रेगुलर कर्मियों के निरंतर कम होने और मजदूरों की तादाद बढ़ने से प्रबंधन के सामने कई तरह की चुनौतियां बनती जा रही हैं। इसका खामियाजा सभी पक्षों को भुगतना पड़ रहा है।

उल्लेखनीय है कि बीएसपी में पिछले कई वर्षों से भर्ती बंद होने और रेगुलर कर्मियों के सेवानिवृत्त होने से ठेका मजदूरों की संख्या निरंतर बढ़ रही है। वर्तमान में मात्र 14 हजार रेगुलर कर्मी व अधिकारी बच रह गए हैं, जबकि ठेका मजदूर 25 हजार हैं। वर्क्स व नान वर्क्स मिलाकर तो मजदूरों की संख्या 35 हजार के करीब है। पूरे सेल में इनकी संख्या 1 लाख से ऊपर है। मजदूरों व नियमित कर्मचारियों के बीच बढ़ते असंतुलन से संबंधि पक्षों को कई तरह की समस्याओं से जूझना पड़ रहा है। मजदूरों के साथ लोकल व उच्च प्रबंधन, संयंत्र, ट्रेड यूनियनों के साथ शासन आदि एजेंसियों की भी चुनौतियां बढ़ रही हैं।

सर्वाधिक परेशानी खुद ठेका मजदूरों को हो रही है, जिन्हें वर्षों से अल्प वेतन, सुविधाओं व सेफ्टी उपकरणों के बीच जोखिम के माहौल में काम करना पड़ रहा है। यूनियनों के मुताबिक यह बड़ी विडंबना है कि प्लांट एक ही नेचर के कार्य को करने वाले मजदूरों को वेतन मात्र 5 से 10 हजार है और नियमित कर्मचारी की तनख्वाह 80 हजार से 1 लाख है। इन्हें आवासीय, मेडिकल, बीमा, लोन, इंसेटिव, वाहन आदि भत्ते, बोनस, एरियर्स आदि तमाम सरकारी सुविधाएं उपलब्ध हैं। लेकिन मजदूरों को केंद्र का न्यूनतम वेतन व बोनस मिल रहा है और न ही रेगुलर की तरह सहूलियतें ही उपलब्ध हैं। बल्कि जो वेतन मिल रहा है, ठेकेदार उसमें भी डंडी मार रहे हैं, पूरा वेतन मांगने पर गेट पास छीन लिए जा रहे हैं। जबकि 40 साल से कीर्तिमानी उत्पादन अभियान में इनका बराबर का योगदान है। लेकिन मजदूरों व रेगुलर कर्मियों के बीच के इस अमानवीय व असंवैधानिक फर्क की ओर कोई भी संबंधित एजेंसी का गंभीर नहीं है। यहां तक की यहां यूनियनों ने भी मजदूरों को लिए कभी उस तरह का संघर्ष नहीं किया जिस तरह नियमित के लिए क रहे हैं। ठेका मजदूरों ने कहा कि आसमान छूती महंगाई में हम मात्र 5,7 हजार दिहाड़ी मजदूरी में किस तरह परिवार चला रहे हैं, यह प्रबंधन ही नहीं वरन सरकार के घोषणावीर कर्णधारों को सोचने की फुरसत व दिलचस्पी नहीं है। पिछले 2, 3 साल से एनजेसीएस बैठक में केंद्रीय यूनियनें रस्मी तौर पर मजदूरों के वेतम समझौते को उठाती रहीं। सेल प्रबंधन की मूर्छा कभी नहीं टूटी।



**खास बातें**

- वर्कलोड के साथ कार्य संस्कृति पर भी असर
- एक ही कार्य करते हुए रेगुलर का वेतन 1 लाख व श्रमिक का 5 हजार
- बढ़ रहा असंतोष,यूनियनों के प्रति कम हुआ भरोसा

### होगा चौतरफा नुकसान

कर्मचारियों और श्रमिकों के बढ़ते असंतुलन से चौतरफा समस्याएं बढ़ रही हैं। रिकार्ड उत्पादन के दबाव में मजदूरों व कर्मचारियों पर निरंतर वर्कलोड बढ़ रहा है। प्लांट में कई विभागों में तो गिनती के कर्मचारी बचे हैं, ठेका मजदूर ही काम की जिम्मेदारी संभाले हुए हैं। इससे अधिकारियों का भी तनाव बढ़ रहा है और बढ़ते असंतोष तथा दुर्घटनाओं से प्रबंधन की भी दिक्कतें बढ़ रही हैं। यूनियनों के मुताबिक यदि इसी तरह मेनपावर कम होता गया तो प्लांट के निजीकरण होते देर नहीं लगेगी। मजदूरों के वेतन व सुविधाएं आदि की एक बड़ी राशि ठेकेदार वर्षों से दबा लिए जा रहे हैं, लेकिन प्रथम नियोक्ता बीएसपी प्रबंधन व श्रम विभाग अकर्मण्य बने हुए हैं, सरकार भी रस्मअदायगी कर रही है। दोनों के बीच असंतुलन बढ़ने और मजदूरों की समस्याओं के निदान नहीं होने का गंभीर प्रभाव उत्पादन, असुरक्षा, कार्य संस्कृति और औद्योगिक संबंधों पर पड़ेगा। इसकी कीमत संयंत्र, लोकल व स्थानीय प्रबंधन सरकार व ठेकेदारों को चुकानी पड़ेगी।

### यूनियनों से हो रहा मोहभंग

बदलते दौर में नियमित कर्मियों की तरह अब ठेका मजदूरों का भी यूनियनों से मोहभंग होने लगा है। दो दशक पूर्व तक होने वाले धरना, प्रदर्शन व हड़ताल आदि में हजारों कर्मचारी झंडे लहराते बारिश, धूप व ठंडी में घंटों शामिल होते थे। लेकिन आज सिर्फ यूनियन नेता ही झंडे लहराते दिखाई देते हैं। बुजुर्ग यूनियन नेताओं के मुताबिक मोहभंग का मूल कारण पहले कर्मचारी का वेतन मात्र 25, 30 हजार था, उसे चौराहे पर झंडे उठाने में झिझक नहीं होती थी, लेकिन आज वेतन 1 लाख को छू रहा है, यानी अब व सुविधाभोगी हो गया है, कर्मचारी नहीं रहा। फिर श्रमिक संगठनों की प्रतिबद्धता में भी कमी आई है। ठेका मजदूरों की हालत तो इससे भी दयनयी है। यूनियनों ने मजदूरों के लिए वर्षो से वैसा संघर्ष नहीं किया, जैसा नियमित के लिए कर रहे हैं। दल्ली राजहरा में नियमितीकरण कराने वाले एटक व छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा के आंदोलन की मात्र चर्चा भर करते रहे। कर्मियों की तरह वेज रिवीजन निर्धारण, बोनस, सुरक्षा उपकरण व सुविधाएं आज तक नहीं मिलीं। दल्ली राजहरा में एटक व छमुमो

# मनुष्य की कथनी और करनी में होनी चाहिए समानता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- नगर के महावीर भवन में प्रवचन श्रृंखला जारी

साध्वी सुपरश्रीजी मसा ने कहा कि सच्चा साधक होने के लिए तीन लक्षण मुख्य हैं- श्रद्धावन, अमत्व भाव व कसाय मंद हो। प्रभु ने सभी के लिए एक ही वाणी कहा लेकिन ग्रहण करने वाले अलग-अलग रूप में होते हैं। आज हमें विश्वास डॉक्टर, शिक्षक, वकील, ड्राइवर, पड़ोसी पर, मकान में लगे ताला पर होता है, सब जगह काम विश्वास पर चलता है, हमारा आध्यात्मिक धर्म पर श्रद्धा होना जरूरी है कि भगवान ने जो कहा है वह सत्य है भगवान की वाणी पर कभी अविश्वास नहीं रखना चाहिए, धर्म के प्रति हमारी मजबूत श्रद्धा रहनी चाहिए।

उक्त कथन प्रवचन श्रृंखला के दौरान नगर के महावीर भवन में शासन दीपिका मंजुलाश्री जी मसा ने कही। साध्वी जी ने आगे कहा कि दुनिया में हर एक के लिए हर चीज बनी होती है लेकिन बहुत कम लोग ही इसका उपयोग कर पाते हैं, जैसे बीपी के मरीज नमक नहीं खाते, शुगर के मरीज मीठा से परहेज करते हैं। इसी तरह आज के समय में भी कई बातें जानने योग्य है कई छोड़ने योग्य हैं, व्यक्ति विशेष का ध्यान नहीं हो तो मुश्किल हो जाता है, अपनी आत्मा के लिए विशेष ज्ञान ग्रहण करें। मनुष्य जन्म आया है क्वालिटी-गुणवत्ता पूर्वक होना चाहिए। मुझे क्या करना चाहिए, क्या नहीं, आजकल के युवा वंचित है धर्म से, पारिवारिक जन माता-पिता, दादा दादी बरसों से धर्म आराधना कर रहे हैं लेकिन आचरण अभी भी कुछ नहीं।

कई व्यक्तियों का आचरण धर्म स्थान में अलग होता है, संसार में और अलग, और घर परिवार में भिन्न होता है। व्यक्ति को अपनी कथनी और करनी एक समान रखना चाहिए। मनुष्य जीवन ना गिरे इसका हमें समुचित ध्यान रखना चाहिए। भगवान भी यह कहते हैं कि क्रोध न करें, विशेष विज्ञान यानी की विशिष्ट ज्ञान, सच्चा ज्ञान जीने का तरीका जिसे भी आ गया वह धीरे-धीरे ज्ञान, चरित्र व पचकान की ओर ले जाएगा। साधना का सार यही गहराई में चले गए तो चेहरा हमेशा खिला रहेगा, आनंद व शांति की अभिभूति हमेशा होनी चाहिए, वचन कभी कठोर ना हो, पेट को डस्टबिन नहीं बनाएं। साधना को मुख्य केंद्र बिंदु माना गया है हम अपने से नीचे की ओर देखेंगे तो हमेशा खुश रहेंगे।

### स्कूली बच्चों को ट्रैफिक नियमों से कराया अवगत

**भिलाई।** ट्रैफिक पुलिस ने जागरूकता और ट्रैफिक प्रशिक्षण की शुरूवात डीपीएस स्कूल मरोदा से की गई। ट्रैफिक जागरूकता कार्यक्रम के तहत डीएसपी सतीश ठाकुर, द्वारा डीपीएस स्कूल में एक हजार स्कूली छात्र-छाञाओं को ट्रैफिक नियमो की जानकारी दी। पहले कार्यक्रम की शुरूवात में स्कूल प्रबंधन के बस चालको द्वारा ट्रैफिक नियम से जुड़े गीत प्रस्तुत किया।

# ऑनलाइन ठगी से बचने सायबर रथ कर रहा लोगों को जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद




वर्तमान में बेरोजगार नवयुवकों को नौकरी लगाने, ऑनलाइन जॉब कर प्रतिमाह मोटी रकम कमाने का झांसा देकर ठगी के नए-नए तरीके अपना रहे हैं। इसके अलावा लॉटरी में रकम जीतने का झांसा देकर भी लोगों से ऑनलाइन ठगी की जा रही है। किसी भी कीमत पर हमें अपनी निजी जानकारी अनजान फोनकर्ता को नहीं बताना है और न ही अनजाने लिंक पर क्लीक करना है।

कुछ इसी तरह की जानकारी पुलिस द्वारा ग्राम बघमरा में आयोजित मड़ई-मेला में नागरिकों को दी गई। मड़ई-मेला में आए नागरिकों को बताया जा रहा है कि ठग कैसे-कैसे तरीके अपनाकर भोलीभाली जनता को ठगने का काम कर रहे हैं। सायबर रथ के माध्यम से न केवल नागरिकों को सायबर अपराधों के प्रति जागरूक किया जा रहा है, बल्कि उनकी समस्याएं भी सुनी जा रही हैं। इसमें बताया गया कि आनलाईन फ्राड, सोशल मीडिया लोन एप्स साइट, फेसबुक मैसेंजर, व्हाट्सएप के जरिए अश्लील वीडियो काल कर ब्लैकमेलिंग, साइबर बुलिंग, ऑनलाईन फ्राड, एटीएम का सुरक्षित उपयोग, एटीएम कार्ड नंबर, पिन नं. सीवीवी नंबर, ओटीपी नंबर, शेयर नही करने, अनजान लिंक पर क्लिक करने से बचने चाहिए। साइबर अपराधों से बचाव एवं साइबर अपराध की घटना होने पर टोल फ्री नम्बर 1930 पर कॉल करे या लिंक पर शिकायत दर्ज जैसी जानकारी साझा की गई। सायबर मड़ई रथ में उपस्थित साइबर स्टाफ योगेश कुमार गेडाम द्वारा पाम्पलेट पोस्टर वितरण कर ग्रामीणजनों को साइबर अपराध के प्रति सचेत रहने जानकारी साझा की गई। पुलिस और समाज के बीच तालमेल बनाये रखने अपील की गई।

# भिलाई में वायु प्रदूषण खतरनाक स्तर पर एयर क्वालिटी इंडेक्स रोजाना 300 के करीब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

देश में प्रदूषण के लिए दिल्ली ही बदनाम नहीं है। अपना भिलाई भी इस मामले में अब कतई पीछे नहीं रह गया है। भिलाई में वायु प्रदूषण का आलम यह है कि एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) रोजाना 270 के पार पहुंच रहा है। बुधवार को हालात में जरा सुधार दिखा जब एक्यूआई 228 रहा, मगर इसे भी खतरनाक स्तर माना गया है। औद्योगिक प्रदूषण ने भिलाईयंस का जीना दुश्वार कर रखा है। शहर की आउटर कॉलोनियों और बाहरी बसाहटों में धूल की बारिश हो रही है। घरों के अंदर भी धूल की मोटी परत जम जाती है।

- इंडस्ट्रीयल डस्ट से बाहरी बस्तियों का है बुरा हाल

भिलाई जितनी तेजी से विकास कर रहा है, उतनी ही तेजी से यहां का पर्यावरण संतुलन भी बिगड़ रहा है। उद्योगों की भरमार और नेशनल हाईवे से गुजरने वाले बेशुमार ट्रकों एवं दीगर वाहनों की वजह से इस्पात नगरी भीषण वायु प्रदूषण की चपेट में आ गया है। शहर में जारी विभिन्न निर्माण कार्य भी वायु प्रदूषण बढ़ाने में बराबर योगदान दे रहे हैं। बीते कई दिनों से भिलाई में वायु प्रदूषण खतरनाक स्थिति में पहुंच रहा है। वायु गुणवत्ता सूचकांक कई दफे तो 300 के आंकड़े को छू लेता है, जो कि बेहद खतरनाक स्तर है। मंगलवार को एक्यूआई 292 रहा, जबकि बुधवार को स्थिति थोड़ी सुधरी नजर आई। बुधवार को एक्यूआई 228 रहा। इसके पहले के दिनों में एक्यूआई 270 के ऊपर छलांग लगाता रहा। 150 के आसपास ही वायु गुणवत्ता बेहतर मानी जाती है। उससे ऊपर जाने पर यह पुअर श्रेणी में और थोड़ा ऊपर जाने पर ज्यादा पुअर और 200 को पार कर जाने के बाद खतरनाक श्रेणी में आ जाता है। यानि इन दिनों शहरवासी सांसों के साथ जहरीली हवा खींच रहे हैं।



### टाउनशिप का भी बुरा हाल

प्रदूषण के मामले में भिलाई के टाउनशिप को सबसे सुरक्षित माना जाता है, लेकिन अब टाउनशिप भी वायु प्रदूषण से अछूता नहीं रह गया है। बुधवार को टाउनशिप का एक्यूआई लेवल 242 दर्ज किया गया। यह खतरनाक स्तर है। भिलाई इस्पात संयंत्र और सीमेंट प्लांट से उड़ने वाली धूल और धुंए के कारण टाउनशिप की वायु गुणवत्ता बेहाल हुई जा रही है। टाउनशिप में भी धूल की गुबार उड़ती रहती है। भिलाई इस्पात संयंत्र प्रबंधन ने सभी तरह के प्रदूषण की रोकथाम के लिए बेहतर इंतजाम कर रखे हैं। इसके बाद भी टाउनशिप की वायु गुणवत्ता में भारी गिरावट चिंता का विषय है।

### उद्योगों की डस्ट से लोग बेहाल

भिलाई के इंडस्ट्रियल एरिया में संचालित उद्योगों से उड़ने वाली डस्ट हवा में जहर घोल रही है। इंडस्ट्रियल इस्टेट के कई उद्योगों से रात के समय डस्ट को डिस्चार्ज किया जाता है। औद्योगिक धूल स्याह काली होती है और यह इंडस्ट्रियल इस्टेट के आसपास स्थित हथखोज, छावनी, खुर्सीपार, नंदिनी रोड, बैकुंठधाम इलाका, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, जामुल, भिलाई-चरोदा नगर निगम के उम्दा, वसुंधरा नगर, पदुमनगर, चरोदा, आदि स्थानों के घरों की दीवारों पर एवं भीतरी हिस्सों में धूल की मोटी परत रोज जम जाती है। लोगों के शरीर पर भी मैल की परत जम जाती है।

# मुख्यमंत्री से मिला बीएसपी एंसीलरी इंडस्ट्रीज संगठन का प्रतिनिधिमंडल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

बीएसपी एंसीलरी इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के अध्यक्ष रतन दासगुप्ता के नेतृत्व में संगठन का एक प्रतिनिधिमंडल आज शुक्रवार को प्रदेश के नए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से मिला। रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास ₹पहुनार₹ में प्रतिनिधिमंडल की मुख्यमंत्री से सौहार्दपूर्ण वातावरण में मुलाकात हुई। अध्यक्ष रतन दासगुप्ता एवं प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने मुख्यमंत्री को नववर्ष की शुभकामनाएं दीं। प्रदेश के एंसीलरी एवं एमएसएमई उद्योगों की संक्षिप्त जानकारी देते हुए अध्यक्ष श्री दासगुप्ता ने मुख्यमंत्री श्री साय को भिलाई आने का निमंत्रण दिया जिसे उन्होंने सहर्ष स्वीकार किया। प्रतिनिधिमंडल में महासचिव श्याम अग्रवाल, उपाध्यक्ष प्रीतपाल सिंह एवं रितेश रायका, कोषाध्यक्ष सुरेश चावड़ा, विशेष आमंत्रित सदस्य योगेश गुप्ता एवं गिरीश पारख शामिल थे।

## इंजीनियरिंग कॉलेज में इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस शास्त्रार्थ का आगाज

# अब घर बैठे वर्चुअल रियलटी से पूरे अहसास के साथ कर सकेंगे अमरनाथ व हज की यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

अब आप घर बैठे पूरे अहसास के साथ अमरनाथ, वैष्णोदवी, तीर्थ और हज जैसी यात्राएं कर सकेंगे। ऑगनेटिव एंड वर्चुअल रियालटी के जरिए यह मुमकिन होगा।

आपको घर बैठे दर्शन कराने के लिए वीआर हेडसेट के साथ शरीर पर कुछ सेंसर लगाए जाएंगे। इससे वीआर पर आप दर्शन करने के दौरान जब अमरनाथ की चढ़ाई करेंगे तो आपको पसीना आएगा। सांस भी फूलेगी। ठंड का अहसास भी होगा। यहां तक की आप बर्फानी बाबा को छू भी सकेंगे। बिल्कुल ऐसा महूसस होगा, जैसे आप खुद वहां मौजूद हों। इस फ्यूचर टेक्नोलॉजी की जानकारी शुक्रवार को रूंगटा इंजीनियरिंग कॉलेज (आर-1) में हुए अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस शास्त्रार्थ में अमरीका की एनवाईयू यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर डॉ. सौंजय एस गौर ने दी। उन्होंने बताया कि आने वाले पांच वर्षों में यह टेक्नोलॉजी उपलब्ध हो जाएगी।

यह सिस्टम सिर्फ यात्राओं तक सीमित नहीं है, बल्कि देश के हेल्थ से लेकर एग्रीकल्चर तक हर जगह मील का पत्थर साबित होगा। इस टेक्नोलॉजी के जरिए मरीज के ऑपरेशन के पहले उसे यह तक दिखाया जा सकेगा कि उसकी समस्या क्या है और उसका ऑपरेशन डॉक्टर कैसे करेंगे।



### देशभर के 480 शोधार्थी पहुंचे

आईआईटी मुंबई के प्रोफेसर डॉ. वीरेंद्र सिंह भी इस इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस का हिस्सा बने। उन्होंने साइबर डिफेंस की जानकारी दी। शास्त्रार्थ में इस साल देशभर के 480 शोधार्थी अपने-अपने विषयों में शोधपत्र पढ़ेंगे। कॉन्फ्रेंस का समन्वयक संस्था के डायरेक्टर डॉ. एजाजुद्दीन, प्रोफेसर डॉ. अजय कुशवाहा, डॉ. पद्मावती श्रीवास्तव और डॉ. रामकृष्ण राठौर हैं। कॉन्फ्रेंस के पहले दिन डायरेक्टर डॉ. सौरभ रूंगटा, सोनल रूंगटा, डॉ. वाईएम गुप्ता, डॉ. मनोज वर्गीस शामिल रहे।

### किसान करेंगे एआई से खेती

शास्त्रार्थ के की-नोट स्पीकर के रूप में शामिल हुए अमरीकी कंपनी जॉन डिर के रिलेशनशिप मैनेजर डॉ. बृजनंदन सिंह ने एग्रीकल्चर सेक्टर में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के जरिए आने वाली नई क्रांति के बारे में बताया। कहा कि, भारत में किसान की प्रमुख समस्या खाद, बीज और पानी से ज्यादा मैनपॉवर की है।

### बुजुर्गों की सेवा करेंगे रोबोट

इस कार्यक्रम में भारत सरकार के नीति आयोग के ब्रॉड एम्बेस्डर एवं एनआईटी प्रयागराज के प्रो. डॉ. रविप्रकाश तिवारी ने रोबोटिक्स के बड़े स्कोप की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कामकाज भरी लाइफ स्टाइल में बुजुर्ग बेहद अकेले हो गए हैं। इसको देखते हुए ऐसे रोबोट डिजाइन हो रहे हैं, जो घर के सदस्य की तरह बुजुर्गों की देखभाल करेंगे। इसी तरह विभिन्न कारणों से अपने हाथ और पैर गवां बैठे लोगों को रोबोटिक्स की मदद से फिर से चलाया जा सकेगा। उनमें रोबो फिक्स हाथ पैर लगाए जा सकेंगे। इस संबंध में वैज्ञानिकों की रिसर्च अब आखिरी पड़ाव पर है। अगले साल तक इसमें बड़ा अपडेट दिखाई देगा।

## खबर संक्षेप



### पर्यावरण प्रेमी भोज साहू ने रायपुर में चलाया जागरुकता अभियान

**बालोद।** जिले के पर्यावरण प्रेमी भोज साहू (सुभम) ने प्रदेश की राजधानी रायपुर में पहुंचकर हसदेव जंगल को कटने से बचाने जनजागरूकता अभियान चलाया। उन्होंने रायपुर के घड़ी चौक से लेकर विभिन्न चौक चौराहों में हसदेव जंगल को बचाने तख्ती बनाकर आमजनता से अपील की कि शासन से हसदेव जंगल की कटाई को रोकने निवेदन करें। उन्होंने बताया कि हसदेव जंगल की कटाई के लिए हम विरोध नहीं कर रहे हैं बल्कि हम निवेदन कर रहे हैं कि आप विकास कार्य के लिए जंगल काट रहे हैं, लेकिन विकास के साथ साथ पर्यावरण भी जरूरी है। विकास कार्य के लिए जितना काटना था उतना काट लिए लेकिन अब बंद कर देना चाहिए। जंगल की कटाई से जंगल के जानवर बिछड़ जा रहे हैं, जानवर जंगल को छोड़ गांव की तरफ जा रहे हैं। ऐसे में जंगल को कटने से बचाने आमजनता से अपील की है कि शासन से निवेदन करें, ताकि हसदेव जंगल की कटाई बंद हो।

### शासकीय विद्यालय घीना में मना वार्षिक उत्सव



**बालोद।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय घीना में वार्षिक उत्सव मनाया गया। मुख्य अतिथि जनपद सदस्य डोंडी लोहारा फिरंता राम उइके थे, अध्यक्षता सरपंच ग्राम पंचायत घीना बिंदु तारम ने की। रूपसिंह रावटे ने बताया कि कार्यक्रम में विभिन्न शालेय गतिविधियों को जिसमें खेल, रंगोली, निबंध, लेखन, वाद विवाद तथा प्रश्न मंच जैसे कार्यक्रमों से बच्चों का सर्वांगीण विकास होता है। सांस्कृतिक कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम से बच्चों का अभिव्यक्ति क्षमता तथा कला का विकास करते हैं। प्रशांत भारद्वाज ने अपने उद्बोधन में शिक्षा को जीवन का आधार बताया। प्राचार्य एमएल. ठाकुर ने बताया कि बालक, पालक और शिक्षक, बच्चों के सर्वांगीण विकास में सहायक हैं। अध्ययन के साथ अन्य गितिविधियों में बच्चों की प्रतिभा उभरती है। कार्यक्रम का संचालन एके वर्मा तथा आभार प्रदर्शन एलके तारेंद्र ने किया। कार्यक्रम में पालक, समिति के समस्त पदाधिकारी, शिक्षक-शिक्षिकाएं तथा विद्यार्थी उपस्थित थे।

### आज इन स्थानों पर लगाए जाएंगे शिविर

**बालोद।** केंद्र सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को जन–जन तक पहुँचाने एवं इनसे लाभ लेने वाले हितग्राहियों से संवाद करने के उद्देश्य से बालोद जिले के विभिन्न ग्राम पंचायतों में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन का क्रम निरंतर जारी है। इसके अंतर्गत सोमवार 08 जनवरी को बालोद विकासखण्ड के ग्राम अंगारी में 10 बजे, भेड़िया नवागांव में दोपहर 01 बजे तथा बिरेतरा में दोपहर 03 बजे शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसी तरह डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के ग्राम मुड़खुसरा तथा खेरथाबाजार में सुबह 10 बजे एवं कोचेरा एवं आतरगांव में दोपहर 02 बजे शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसी तरह गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम खर्रा में 10 बजे, ग्राम चिचलगोंदी में दोपहर 01 बजे तथा ग्राम चंदनबिरही में दोपहर 03 बजे बजे शिविर का आयोजन किया जाएगा।

## निधन

### केमिन बाई

**गुरूर।** ग्राम फागुनदाह निवासी केमिन बाई का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे बिसंभर साहू, बिरेन्द्र साहू की मां व बुधन्तिन बाई साहू की सास थीं।

**अभियान :** विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत जिले के विभिन्न ग्रामों में किया गया शिविर का आयोजन

# जिले के 1549 हितग्राहियों को मिला आयुष्मान कार्ड, 161 को दिया गया रसोई गैस कनेक्शन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

जिले में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविरों में कुल 1549 हितग्राहियों का आयुष्मान कार्ड वितरण के अलावा 161 हितग्राहियों को रसोई गैस कनेक्शन प्रदान किया गया। शिविर में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना अंतर्गत 64 हितग्राही का नवीन पंजीयन किया गया।

प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना अंतर्गत 124 एवं प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना अंतर्गत 117 हितग्राहियों का पंजीयन किया गया। केसीसी ऋण स्वीकृत करने हेतु 44 किसानों का आवेदन लिया गया। इस दौरान 'मेरी–कहानी, मेरी–जुबानी' के अंतर्गत हितग्राहियों ने विभिन्न योजनाओं से उन्हें मिले लाभ के संबंध में जानकारी दी। उल्लेखनीय है कि रविवार को बालोद विकासखण्ड के ग्राम झलमला, परसोदा और चिचबोड़ तथा डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के ग्राम बुंदेली, पापरा, गारका और आलीखुंटा तथा गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम देवरी क, नाहंदा और रेंगाकठेरा में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया गया। इसी प्रकार गुरूर विकासखण्ड के ग्राम परसुली, अकलवारा और खुंदनी, डौण्डी विकासखण्ड के ग्राम मरदेल और पुसावड में विकसित भारत संकल्प यात्र का आयोजन किया गया। इस अवसर पर हितग्राहियों को केंद्र सरकार के जन कल्याणकारी योजना के अंतर्गत विभिन्न सामग्रियों का वितरण किया गया। कार्यक्रम स्थल में विभिन्न विभागों द्वारा आम जनता को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान करने स्टॉल भी लगाया गया था। जिसमें संबंधित विभाग के अधिकारियों के द्वारा आम जनता को योजनाओं के संबंध में जानकारी दी गई। इसके अलावा शिविर में स्वास्थ्य विभाग की टीम के द्वारा आम लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाईयाँ भी वितरित की गई। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों के अलावा जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी–कर्मचारी उपस्थित थे। शिविर में हितग्राहियों को केन्द्र सरकार के विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित कराने के अलावा उन्हें इन योजनाओं से होने वाले लाभ के संबंध में भी जानकारी दी गई। इसके अलावा संबंधित विभाग के अधिकारियों को शासन के विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभ प्राप्त करने हेतु आवेदन भरने आदि प्रक्रियाओं के संबंध में जानकारी दी गई।






### बालोद विकासखंड में 289 हितग्राहियों का बना आयुष्मान कार्ड

शिविर में बालोद विकासखण्ड के ग्राम झलमला में आयुष्मान भारत योजना के आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत 289 हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड वितरण कर 30 हितग्राहियों का नया आयुष्मान कार्ड बनाया गया। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत 21 हितग्राहियों को रसोई गैस कनेक्शन का वितरण किया गया। प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना अंतर्गत 08 एवं प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना अंतर्गत 07 हितग्राहियों का पंजीयन किया गया।

## शिविर में निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को बुलाया जाए

### जनपद उपाध्यक्ष तोषण साहू ने लगाया उपेक्षा का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गुरूर

विकसित भारत संकल्प यात्रा प्रशासनिक लापरवाही के कारण औपचारिक बनकर रह गया है। शिविर में ग्रामीण तो आ रहे हैं लेकिन जिम्मेदार अधिकारी व जनप्रतिनिधि नहीं आ पा रहे हैं और यह सब जनपद प्रशासन की लापरवाही के कारण हो रहा है।

उल्लेखनीय है कि विकासखंड में एक ही दिन 9 स्थानों घोघोपूरी, धनेली, तार्री, बोरतरा, भूलनडबरी, बोडरा, बासीन, भोथली एवं डांडेसरा में एक साथ एक ही दिन विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया गया। जनपद उपाध्यक्ष तोषण साहू ने आरोप लगाया है कि एक ही दिन में 9 शिविर रखने से विभागों की जिम्मेदार अधिकारी शिविरों में नहीं पहुंच पाए। स्थानीय स्तरों के कर्मचारियों ने ही शिविर में उपस्थिति प्रदान की। जबकि ग्रामीण इस आस में शिविरों में पहुंच रहे हैं कि तहसील व जिले के जिम्मेदार अधिकारी शिविरों में आयेंगे, जिन्हे वे आवेदन दे सकेंगे, क्योंकि स्थानीय स्तर पर तो वे कई बार आवेदन दे चुके हैं। तोषण साहू ने यह अभी आरोप लगाया कि प्रशासन द्वारा निर्वाचित जनप्रतिनिधियों की उपेक्षा की जा रही है। जहां शिविर आयोजित हो रहे हैं, उसे क्षेत्र के जनपद व जिला पंचायत सदस्यों को आमंत्रित नहीं किया जाता है, जबकि एक पार्टी के लोगों को जो निर्वाचित जनप्रतिनिधि नहीं हैं, उन्हें पूरा महत्व दिया जाता है। सूचना व आमंत्रण के अभाव में निर्वाचित जनप्रतिनिधि शिविरों में नहीं पहुंच पाते हैं। तोषण साहू ने कहा कि शिविर में निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को बुलाया जाए एवं शिविरों में कम से कम तहसील स्तरीय अधिकारियों की उपस्थिति सुनिश्चित की जाए।



## वार्षिकोत्सव में विद्यार्थियों की शानदार प्रस्तुति से मोहा दर्शकों का मन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| अंडा

शासकीय पूर्व माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रसमड़ा का वार्षिकोत्स्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर थे, अध्यक्षता ममता भागवत साहू सरपंच रसमड़ा ने की।

विशिष्ट अतिथि के रूप में लक्ष्मी यशवंत साहू सभापति जिला पंचायत दुर्ग, अजय वैष्णव सभापति जनपद पंचायत दुर्ग, लाल जी गुप्ता अध्यक्ष सी.एम.डी.सी, गिरेश साहू, चेतन साहू बीजेपी युवा मोर्चा, नंदू निर्मलकर, रामखिलावन यादव पूर्व सरपंच रसमड़ा उपस्थित थे। वार्षिकोत्सव के दौरान विद्यार्थियों ने छत्तीसगढ़ी संस्कृति, राजस्थानी गुजरती से सम्बंधित विभिन्न कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में आरती, गौरव, खिलेश्वरी, पायल शर्मा, प्रेरणा, प्रिन्सी शर्मा, नेहा रंजन,अनामिका वैष्णव, प्रतिमा, कल्पना,मानसी, अभिषेक, मुस्कान,युवराज,जीत श्रेया, पूर्णनवी, भूमिका, टिकेश्वर, साक्षी यदु आदि ने भावपूर्ण प्रस्तुति दी। इस दौरान रंजना व्यास, नीता जोशी, प्रकाश चंद्र चेलक सेवानिवृत्त व्याख्याता ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में स्कूल स्टॉफ श्रीमति एन. व्ही. एस. नलिनी, रखमणि डाहरे, बिष्णु नोरके, वर्षा वर्मा, स्वर्णिलता, भुनेश्वरी बंजारे, सुधा हुमने, दुर्गेश शुक्ला, मालती मंडावी, नीलिमा बैस, प्रभा साहू, सुकतेल मैडम, नायक मैडम, होजेन्द्र वर्मा बृजकिशोर शर्मा का महत्वपूर्ण सहयोग प्राप्त हुआ। कार्यक्रम का संचालन जयपाल सिंह गांवरे, श्रुति यदु व नेहा साहू ने तथा आभार प्रदर्शन प्राचार्य मानिक लाल चंदेल ने किया।





## भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का जिला स्तर परिणाम घोषित

हरिभूमि न्यूज ▸▸| डौंडीलोहारा

अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार स्थित देव संस्कृति विश्वविद्यालय द्वारा संचालित भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा 2023-24 का परीक्षा का आयोजन किया गया था।

भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा जिला संयोजक मिलनसिंह सिन्हा ने बताया कि जिले के सभी विकासखण्डों से 551 स्कूलों के 5वीं से 12वीं तथा महाविद्यालय तक नौ वर्गों से कुल 23790 विद्यार्थी परीक्षा में बैठे थे। जिनका परीक्षा परिणाम घोषित किया गया, जिसमें बालोद जिला से जिला स्तरीय परिणाम इस प्रकार है। 5वीं से प्रथम शिवम बोहरडीह, द्वितीय जागृति कोटागांव,तृतीय वेदप्रताप साहू साजा, 6वीं से प्रथम मोगेश्वर कुमार मा शा टेकापार, द्वितीय हितेक्षा कन्या गुण्डरदेही, तृतीय मीनाक्षी साहू मा शा हीरापुर, 7वीं से प्रथम वर्षा पटेल पुराना बाजार दल्ली राजहरा द्वितीय रूपेश देशमुख सेजस अर्जुंदा, तृतीय शुभम सोनी नगर पालिका बालोद, 8वी से प्रथम वीर यादव मा शा टटेंगा, द्वितीय खुशबू सोनवानी मा शा धनेली, तृतीय संजना साहू माशाचेब नवागांव, 9वीं से प्रथम गरिमा सोनी प्रियदर्शनी अर्जुंदा, द्वितीय ध्रुव साहू सेजस अर्जुंदा, तृतीय यश कुमार देवांगन नेता जी सुभाष चंद्र बोस अर्जुंदा, 10वीं से प्रथम रूद्र कुमार यादव नेताजी सुभाष चंद्र बोस अर्जुंदा, द्वितीय भूमिका निषाद उमावि चंदनबिरही, तृतीय पायल सोनवानी सेजस पुरुर, 11वीं से प्रथम रिद्धिमा सोनी प्रियदर्शनी अर्जुंदा, द्वितीय नम्रता साहू खुंदनी ,तृतीय टोमेश कुमार सेजस सुरेगांव, 12वीं से प्रथम लोकभूषण साहू सेजस बालोद, द्वितीय धीरज कुमार सेजस दुधली,तृतीय गीतांजली साहू उमावि नेवारीकला, महाविद्यालय में प्रथम काजल साहू बालोद, द्वितीय चुम्मन लाल अरमरीकला, तृतीय वीना चन्द्राकर गुण्डरदेही जिला में स्थान प्राप्त करने वाले सभी छात्र-छात्राओं को गायत्री परिवार जिला बालोद द्वारा शुभकामनाएं दी गई ।



## कोसागोंदी में एनएसएस शिविर जारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद/कलंगपुर

मदन लाल साहू शासकीय महाविद्यालय अरमरीकला के राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन ग्राम कोसागोंदी में जारी है।

कार्यक्रम की शुरुआत कार्यक्रम अधिकारी प्रमोद भारती के निर्देश अनुसार स्वयं सेवकों द्वारा स्वागत सम्मान के साथ किया गया एवं सात दिवसीय विशेष शिविर के उद्देश्य को उद्देश्यों का वर्णन किया गया। स्वयं सेवकों के द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। अंत में अतिथि व्यखायता राजेन्द्र जंघेल का आभार व्यक्त किया गया। उदघाटन समारोह में मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत कोसागोंदी सरपंच सरस्वती बाई ध्रुव थी। विशेष अतिथि महाविद्यालय जनभागीदारी अध्यक्ष तोमन सिंह साहू, महाविघालय प्राचार्य डॉ. सपना कॉर, प्रधान पाठक पूर्व माध्यमिक शाला चमन लाल साहू, पूर्व माध्यमिक शाला कोसागोंदी डोमन लाल पटेल, पूर्व प्राथमिक एवम माध्यमिक शाला के शिक्षकगण एवं प्रमुख ग्रामीनजन दिलीप निर्मलकर पंच, बसंत साहू पंच, भवर लाल, रोहित कुमार पंच और ग्रामीण उपस्थित थे।





## अब तक परिवार के लिए जिया अब अपने लिए जीना है : वानखेड़े

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

■ शिकारी पारा में हुई छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ जिला बालोद की मासिक बैठक

छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ जिला बालोद की मासिक बैठक शिकारी पारा में हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सेवानिवृत्ति व्याख्याता उत्तम कुमार हिरवानी थे, अध्यक्षता डॉक्टर आरएम चावड़ा ने की। विशिष्ट अतिथि विद्युत विभाग के सेवानिवृत्ति मुख्य अभियंता डब्ल्यूआर वानखेडे, पूर्व प्राचार्य हरि राम कुंभकार, पुलिस विभाग चंदन सिंह यूईके उपस्थित थे।

मुख्य अतिथि उत्तम कुमार हिरवानी ने कहा कि हम घर में परिवार में रहकर कर्तव्यों का पालन करते ही हैं, अब हमें पेंशनर कल्याण संघ के संगठन से जुड़कर सामाजिक दायित्वों के साथ संघ के उद्देश्यों की पूर्ति के लिए निरंतर सहयोग करता रहूंगा। आज मैंने इस संगठन की सदस्यता ग्रहण की है। मुझे अति प्रसन्नता है कि यहां विभिन्न क्षेत्रों से सेवा निवृत्त पेंशनरों से परिचित हुआ। डब्ल्यू आर वानखेड़े ने कहा कि माह में एक बार हम सभी एक साथ मिलते हैं, एक दूसरे के विचारों को समझने जानने का अवसर प्राप्त होता है और माह भर के लिए हमारी बैटरी चार्ज हो जाती है। उन्होंने कहा कि सेवा काल में रहते हुए अपने पत्नी बच्चों के लिए जीते रहे, अब तो हमें अपने लिए जीना है।

अतः नए साल में ऐसा कुछ करें कि हमारे कार्य को लोग याद कर सके, कुछ प्रेरणा के गीत गाकर लोगों को नई उमंग, उत्साह के साथ सुखमय जीवन जीने प्रोत्साहित किया गया। बैठक में पेंशनर लोचन प्रसाद यदुवंशी, लखन प्रसाद तिवारी, सचिव पुरुषोत्तम देशमुख, बीआर बेलसर, अमृत सोनी, जितेंद्र आर्य, थनवार सिंह साहू, दयालुराम, डीडी साहू, भूपेंद्र सिंह, लखन लाल रात्रे, बीएस मंडावी, प्रहलाद सिंह ठाकुर, यूएस ठाकुर, जेपी सोनेश्वर, भूपेंद्र सोनबोइर, विष्णु नेताम, माधव सिंह मरई, पतिराम साहू, रूपलाल साहू, दिलेश्वर देवांगन, मोहनलाल धुर्वे, सावित्री साहू, पुष्पा बाई साहू, किरण सिन्हा, जोत कुंवर, रंभा मंडावी, मीना साहू पेंशनर उपस्थित थे।



**धूमधाम से मनाया जाएगा गणतंत्र दिवस :** संघ के कोषाध्यक्ष ईश्वर नाथ योगी ने गत वर्ष 2023 का आय व्यय लेखा जोखा विस्तार पूर्वक बताया। सभी पेंशनरो ने आईएन योगी तथा संघ के सदस्यों के कार्यों की सराहना की। अंत में अध्यक्ष ने सभी पेंशनरों को गणतंत्र दिवस का पर्व धूमधाम से मनाने का निर्णय लेते हुए सभी पेंशनरो को पर्व में उपास्थित होने की अपील किया। वर्ष 2024 के सदस्यता अभियान में हिस्सा लेने तथा संगठन को आगे बढ़ाने का निर्णय लिया गया।

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
आयुषमान भारत कार्ड द्वारा नि:शुल्क इलाज की सुविधा
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा
Multi Para Monitors / Bubble CPAP
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था
State of the art NICU including care for Preterm, Term
वातानुकूलित बच्चों का वार्ड
Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
मो. 9981321524/7223011528
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)

Health Town
यशवंत एवं श्री धनवन्तरी हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
• Revision TKR,THR
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी (TKR,THR)
• अत्याधुनिक ऑपरेशन थियेटर एवं उपकरण
• विशेष अर्थराइटिस क्लीनिक
सुबह 10.30 to 2.30 pm., सायं 7.00 to 8.30 pm.
तात्यापारा चौक, जी.ई.रोड, रायपुर (छ.ग.) फोन: 0771-2234153,4074154
8817428621,6265421645

मिरैकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी)
पोस्ट द्वारा दवाईयां उपलब्ध
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराना प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
मो. 9406004581
मो. 7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन
जड़ से इलाज
ठण्ड पर जोड़ो पर दर्द, गठियावात, नशों में दर्द का संपूर्ण निदान।
L4-L5 नशों में दबाव, शून्यपन, सयाटिका, दोनों पाव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर बैठकर उठने पर दर्द, ऐड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771-4242213, 7987119756, 9303508133

## खबर संक्षेप

### मुड़पार में शिव महापुराण सप्ताह आज से

**गुरूर।** ग्राम मुड़पार में मां लक्ष्मी युवा उत्सव समिति द्वारा 8 जनवरी से भक्ति मय शिव महापुराण सप्ताह ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें कथावाचक पंडित अनिल तिवारी होंगे। 8 जनवरी को कलश यात्रा के साथ कार्यक्रम की शुरुआत होगी। इस दिन श्रीमद् भागवत महात्म्य कथा होगी। 9 जनवरी को पार्थिव शिवलिंग निर्माण, रुद्राक्ष और त्रिपुंड की महिमा का बखान होगा। 10 जनवरी को नारद मोह, और सती शिव विवाह होगा। 11 जनवरी को मैना रानी कि कथा और पार्वती जन्म कथा होगा। 12 जनवरी को तारका सुर कथा और पार्वती विवाह होगा। 13 जनवरी को कार्तिकेय जन्म कथा और गणेश जन्म कथा होगा। 14 जनवरी को एकादश रुद्र द्वादश ज्योतिलिंग कथा के साथ ही हवन पूजन कर कथा समाप्ति और दूसरे दिन मड़ई मेला का आयोजन किया जा रहा है। इसमें रात्रिकालीन मनोरंजन नाचा कार्यक्रम रखा गया है, जिसमे मुख्य रूप से वामेंद्र साहू, भूपेश, मोरजध्वज सहित समस्त ग्राम वासियों द्वारा पूरा सहयोग दिया जा रहा है।

### मंत्री बृजमोहन ने किया पोस्टर का विमोचन

**रायपुर।** मराठा समाज द्वारा 25 फरवरी को छत्रपति शिवाजी महाराज जयंती मनाई जाएगी। इस अवसर पर 25 फरवरी को भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी, जिसमें पूरे छत्तीसगढ़ के साथ मराठा समाज के सदस्य शामिल होंगे। इस भव्य शोभायात्रा के लिए पोस्टर का विमोचन कैबिनेट मंत्री व विधायक बृजमोहन अग्रवाल द्वारा किया गया। इस मौके पर मराठा समाज द्वारा मंत्री को छत्रपति शिवाजी महाराजजी की फोटोफ्रेम देकर सम्मानित किया। युवा अध्यक्ष लोकेश पवार ने बताया कि पोस्टर विमोचन के अवसर पर सुरेंद्र डुकरे, महेंद्र जाधव, गुणवंत घाटगे, लोकेश पवार, विनोद मांढरे, अतुल चव्हाण, दीपक इंग्ले, एवं अन्य मराठा सदस्य उपस्थित थे।

### लोकनाट्य दसमत का किया सफल मंचन

**रायपुर।** भारतीय जननाट्य संघ द्वारा रायगढ़ में राष्ट्रीय समारोह का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में शनिवार को चित्रोत्पला लोककला परिषद द्वारा रायगढ़ में संगीतबद्ध नाटक दसमत का सफल मंचन किया गया। यह नाटक वरिष्ठ लोक कलाकार राकेश तिवारी द्वारा लिखित निर्देशित में किया गया। इस नाटक में मीना विश्वकर्मा, डॉ. पुरुषोत्तम चंद्राकर, संत फरिकार, लोकेश साहू, सविता तिवारी, सुदामा शर्मा, नीतीश यादव, सुमित तिवारी, अर्जुन दास मानिकपुरी ने अभिनय पक्ष में योगदान दिया। मंच के पीछे गायन-हारमोनियम राकेश तिवारी, ढोलक-मांदर मनीष लदेर, बैंजो-मोहन साहू आदि ने भूमिका निभाई।

### रात का तापमान चार डिग्री ज्यादा

**रायपुर।** दक्षिण दिशा से आने वाली नमीयुक्त हवा के प्रभाव से शहर का न्यूनतम तापमान सामान्य से चार डिग्री सेल्सियस अधिक हो गया है। दिन में छा रही धुंध और हवा की गति अधिक होने से ठंडकता का अहसास हो रहा है। अगले चार दिन तक मौसम में बड़ा बदलाव होने के आसार नहीं हैं, इसके बाद तापमान में गिरावट आने की संभावना बन रही है। पश्चिमी विक्षोभ का प्रभाव धीरे-धीरे कम हो रहा है, मगर बंगाल से आने वाली हवा की नियमितता बनी हुई है। अभी नारायणपुर जैसे इलाके में न्यूनतम तापमान 11 डिग्री के आसपास दर्ज किया जा रहा है। रायपुर का तापमान 17 डिग्री तक पहुंच गया है, यह जनवरी के पहले सप्ताह में तापमान सामान्य से अधिक होने की वजह से सुबह के वक्त गुलाबी ठंड का अहसास हो रहा है। शनिवार को दिन के मौसम में मामूली बदलाव नजर आया। ऊपरी हिस्से में धुंध की मात्रा अधिक होने से बदली छाए रहने का अहसास हुआ। इसके साथ हवा की गति भी अधिक होने की वजह से ठंडकता महसूस होती रही। मौसम विशेषज्ञ एचपी चंद्रा ने बताया कि अभी मौसम में उतार-चढ़ाव वाली स्थिति बनी हुई। दो दिन बाद तापमान थोड़ी वृद्धि होगी। इसके बाद तापमान में गिरावट होने की संभावना बन रही है। राज्य में जनवरी का पहला सप्ताह मामूली ठंड वाली स्थिति में गुजर गया, मगर दूसरे और तीसरे सप्ताह में ठंड पड़ने की संभावना बन रही है।

**आयोजन : जगह-जगह निकाली जा रही अक्षत कलश यात्रा, शहर से लेकर गांव-गांव बंट रहा निमंत्रण**

# राम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर जबर्दस्त उत्साह

हरिभूमि न्यूज बालोद

जिले में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर शहर से लेकर ग्रामों में जबरदस्त उत्साह है। जहां कई लोग मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर शोभायात्रा के साथ अक्षत कलश यात्रा में जोर-शोर से भाग ले रहे हैं और अभी से घरों व दुकानों को भगवा रंग में रंगा जा रहा है।

जिले में जैसे ही आयोध्या से अक्षत कलश पहुंचा, उसे ब्लाक के साथ जिले के ग्रामों में वितरण कर दिया गया और सभी से ग्रामों में अक्षत कलश शोभायात्रा निकालने की अपील की गई और कई गांवों में इसको लेकर ऐसा उत्साह की कलश यात्रा के दिन गांव बंद कर सभी ग्रामीण सिर्फ अक्षत कलश यात्रा में सम्मिलित हुए, लेकिन कई ऐसो अपवाद वाले गांव भी हैं, जहां आयोजन किया ही नहीं गया।

वहीं, जिला मुख्यालय के साथ अन्य शहर व ग्रामों में अभी से घरों को भगवा रंग के लाईटों से सजाया जा रहा है, जिससे शहर व घर भगवा रंग मे रंगे नजर आ रहे हैं, जो शाम होते ही देखते बनते हैं। हर घर, हर द्वार सिर्फ एक रंग से रंगे हुए हैं, जिससे शहर व गांवों की खुबसूरती और बढ़ती जा रही है।





### अयोध्या में प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर जिले में व्यापक तैयारी

**बालोद।** 22 जनवरी को श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र जागरण समिति के आव्हान पर पूरे जिले के मंदिरों में भव्य प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का आयोजन होगा। समिति इस आयोजन को ऐतिहासिक व भव्य बनाने के लिए जिले के सभी मंदिर समितियों से चर्चा कर इस आयोजन की रूपरेखा बना रही है। वहीं, जिले के सभी बड़े मन्दिर समिति के द्वारा भी व्यापक स्तर पर तैयारी की जा रही है। बालोद जिला आयोजन के संयोजक हेमंत गजेंद्र व जिला सह संयोजक बलराम गुप्ता ने बताया कि जिले में केंद्रीय समिति के दिशा व निर्देश पर अभी 1 जनवरी से 15 जनवरी तक जिले के पूरे 712 ग्रामों में अक्षत वितरण का कार्यक्रम किया जाना है। वर्तमान में कुल 69 खण्डों में 150 स्थानों में छोटे बड़े स्तर पर कलश यात्रा निकाली गई है। वहीं, घर-घर संपर्क किया जा रहा है। 15 जनवरी के बाद आगे आयोजन की रूपरेखा जो तय हुआ है। उसी के अनुसार जिले में भी कार्यक्रम किये जायेंगे।

### अयोध्या से सीधा प्रसारण देखने की व्यवस्था

मुख्य आयोजन 22 जनवरी को सुबह 11 बजे से 01 बजे तक सभी मंदिरों में कीर्तन भजन होगा व ऑनलाइन कार्यक्रम को देखने की व्यवस्था किया जाएगा, 108 विजय महामंत्र का जाप होगा, हनुमान चालीसा पाठ, रामनाम श्रोत का जाप होगा देर शाम को जिले के प्रत्येक हिंदू घरों में मंदिरो में दीप जलाए जाएंगे। वही मंदिरो में भंडारा भी किया जाएगा। जिला सह संयोजक व विहिप जिला अध्यक्ष बलराम गुप्ता ने कहा कि संगठन के माध्यम से मंदिरों का पंजीयन हेतु लिंक प्राप्त हुआ है। जिसके तहत सभी मंदिरों का आयोजन हेतु पंजीयन का काम किया जा रहा है। जिले को प्रांत से एक लाख 25 हजार पत्रक प्राप्त हुए है, आगे 50 हजार और मांगा गया है, जो जल्द ही मिल जाएगा। बालोद जिलेवासी राममंदिर निर्माण होने के बाद अपने प्रभु श्री राम जी के गर्भगृह में विराजमान होने की घड़ी का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। वह पल यादगार होने वाला है।

### शोभायात्रा में शामिल होने में हैं असमर्थ

वहीं, मिली जानकारी के अनुसार कई ग्रामों और आयोजकों से मिली जानकारी के अनुसार कई समितियां जैसे रामधूनी पार्टी, मानस पाटियां, रामायण पार्टी, रामलीला पार्टियां शोभा यात्रा में सम्मिलित होने में असमर्थ व्यक्त कर रही हैं। मिली जानकारी के अनुसार कई समिति प्रमुखों का कहना कि यह आयोजन भाजपा प्रेरित है, इसलिए हम इसमें भाग नहीं लेंगे। वहीं, कई ऐसे भी हैं जो भाजपा के पदाधिकारी है, फिर भी इसमें भाग नहीं ले रहे, वही कई ऐसे भी समिति है जो मंदिर का संचालन करती है जहां प्रमुख मंदिरों का विराजमान है, फिर भी यह समितियां अक्षत कलश यात्रा निकालने में भी रुचि नहीं दिखा रहे हैं।

## दीपोत्सव की तैयारियां जोरों पर



**बालोद।** श्री राम मन्दिर प्राण प्रतिष्ठा गृह संपर्क अभियान के अंतर्गत अयोध्या से आए अक्षत कलश का ग्राम लोंडी से मण्डल के 12 गांवों को प्रदान किया गया है। लाटाबोड़ मण्डल के प्रत्येक ग्राम में 22 जनवरी को अयोध्या में निर्मित भव्य मंदिर में श्री रामचन्द्र जी का प्राणप्रतिष्ठा उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा।


मंडल संयोजक लोकेश कुमार साहू, कन्हैया यादव, घंसु राम साहू, नारद राम सेन, आशा राम साहू, लेमन देशमुख, घनश्याम साहू, कृष्णा राम साहू, योगेश्वर साह, रामेश्वरी सार्वा, कोमल विश्वकर्मा ने बताया कि 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के उत्सव पर प्रत्येक घरों में राम जी का पूजा आरती होगा दीप जलेंगे, प्रत्येक गांव के मन्दिर, देवस्थान दीपक से जगमगाएंगे। वर्षों बाद रामलला विराजेंगे त्रेता युग की तरह राम जी के स्वागत में दिपावली मनाई जाएगी। बालोद खंड के श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा गृह संपर्क अभियान समिति के खंड संयोजक वेदप्रकाश साहू, किसन देवांगन, मिथुन साहू ने बताया कि सम्पूर्ण भारतवर्ष के साथ बालोद खंड के 97 ग्रामों में 22 जनवरी को अयोध्या जी मे राम जी के प्राण प्रतिष्ठा उत्सव मनाया जावेगा।

- लाटाबोड़ मंडल के प्रत्येक गांवों में 22 जनवरी को जलाए जाएंगे दीप

लाटाबोड़ मंडल के गृह संपर्क अभियान समिति ग्राम लोंडी के श्याम सुंदर यादव, शिव कुमार साहू, राम भरोसा साहू, तुलाराम पिस्दा, हरबन सिंह ठाकुर ने बताया कि 12 गांवों को प्राप्त अक्षत कलश को ग्राम संयोजकों एवं प्रतिनिधियों को सौंपा गया है। वे सभी ग्रामों के प्रत्येक परिवार तक श्री राम जी का चित्र, अक्षत, आमंत्रण पत्र के माध्यम से प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम के लिए आमंत्रित करेंगे। मंडल के अक्षत कलश के कार्यक्रम में ग्राम चारवाही से वाकेश कुमार साहू, नंद लाल साहू, जीवन हिरवानी, सुलोचन साहू, रामस्वरूप साहू, रघुनाथ साहू, नेम सिंह साहू, गयाराम साहू, सखा राम साहू, सुमें राम साहू, तोरण लाल साहू, ग्राम बोरी से नारद राम सेन, पारख राम साहू, दयानन्द साहू, रोहित साहू, कुमार चंद निषाद, ओम शंकर निषाद, बलराम यादव, धर्मेन्द्र कुमार, खोमल लाल, ग्राम टेकापार से यज्ञवल यादव सहित विभिन्न गांवों के सदस्यों ने सभी हिन्दू भाई-बहनों से प्राण-प्रतिष्ठा समारोह में सहभागी होने का आह्वान किया है।

## ज्ञानी पुरूष की वास्तविक पहचान उसके विनम्र व्यवहार से होती है





**अंडा।** त्रैलोक्य अधिपति होकर भी राजा बलि ने विनम्रता को धारण कर वामन रूप प्रभु का चरण वन्दन कर विजय को प्राप्त कर लिया।

- मोहंदीपाट में श्रीमद् भागवत कथा जारी, संत श्री निरंजन महाराज ने बताई ज्ञान की महिमा

इसलिए जीवन में विनम्र बनें, विनम्रता मानव जीवन का आभूषण है। जैसे फलदार वृक्षों की डालियां झुकी रहती हैं, वैसे ही ज्ञानी पुरूष की वास्तविक पहचान उसके विनम्र व्यवहार से होती है। जो व्यक्ति जितना ज्यादा विद्वान होगा, वह उतना ही विनम्र और सरल होगा, क्योंकि विद्या विनय प्रदान करती है और याद रखें सहजता में ही भगवान की प्राप्ति हो सकती है, असहजता में नहीं।



उक्त बातें सद्गुरु संत श्री निरंजन महाराज ने मोहंदीपाट में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के दौरान गजेन्द्र मोक्ष सागर मंथन और वामन अवतार कथा का वर्णन करते हुए कही। उन्होंने आगे कहा कि मानव जीवन का सबसे बड़ा जहर कटु वचन है। इस जहर को त्याग कर सभी के लिए मीठे वचनों का प्रयोग करें। शस्त्र का घाव दवाई लगाकर ठीक किया जा सकता है, लेकिन वाणी का घाव जीवन भर मिटने वाला नहीं है। इसलिए किसी को कुछ भी बोलने से पहले सोच लें कि ये शब्द सुनने वाले के लिए उपयुक्त है कि नहीं। निरंजन महाराज ने कहा कि शास्त्रों में वाणी के पंच आभूषण बताए गए हैं, सत्य बोलना, हितकारी बोलना, विवाद रहित बोलना, मीठा बोलना और अल्प बोलना। ये पंच आभूषण वाणी के हैं। इसे हर जीव को धारण करना है, तभी जीवन का द्वंद्व समाप्त होगा।

### आज श्री कृष्ण जन्म महोत्सव

संत निरंजन महाराज ने कहा कि जीवन के समस्त विकारों को दूर करने के लिए भागवत की कथा श्रवण आवश्यक है। जीवन को परिलक्षित कराती है भागवत कथा की अमृत मय वाणी। मानव का जीवन प्रभु प्रदत्त एक व्यवस्था है निर्माण हमारा कर्तव्य है। आज श्री कृष्ण जन्म महोत्सव, पूतना वध, बाल लीला, माखन चोरी की कथा सुनाई जाएगी।

## मतगणना कार्य मानदेय का जल्द भुगतान करने की मांग

हरिभूमि न्यूज बालोद



छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन बालोद के पदाधिकारियों द्वारा कलेक्ट्रेट बालोद में विधानसभा आम निर्वाचन–2023 के संपन्न होने के पश्चात मतगणना कार्य मानदेय जल्द भुगतान करने की मांग जिला निर्वाचन अधिकारी से की है।

मतगणना कार्य का मानदेय व साथ ही मतदान व मतगणना प्रक्रिया सहित निर्वाचन के अन्य सभी प्रक्रिया के प्रशिक्षण के लिए नियुक्त जिला स्तरीय तथा विकास खंड स्तरीय मास्टर ट्रेनर के लिए भी मानदेय भुगतान करने हेतु उप जिला निर्वाचन अधिकारी चंद्रकांत कौशिक से मुलाकात कर चर्चा की गई व कलेक्टर, जिला निर्वाचन अधिकारी बालोद के नाम ज्ञापन सौंपा गया। मुलाकात व चर्चा में सप्ताह भर के भीतर मतगणना कार्य मानदेय व मास्टर ट्रेनर्स को भी इस बार मानदेय भुगतान कर दिए जाने की जानकारी अधिकारी द्वारा दिया गया। मुलाकात करने वालों में छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष दिलीप साहू, जिला संयोजक रामकिशोर खरांशु, महामंत्री शेषलाल साहू, जिला कोषाध्यक्ष पवन कुम्भकार, ब्लॉक अध्यक्ष गुरूर सूरज गोपाल गंगबेर, ब्लॉक अध्यक्ष डौंडी लोहारा अविनाश साहू, उपाध्यक्ष मनीष देशमुख व डीपी कस्तुरे शामिल थे।

## सोरर में हुआ वार्षिक उत्सव



**गुरूर।** हायर सेकंडरी स्कूल सोरर में वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि संजारी-बालोद विधायक संगीता सिन्हा शामिल थीं। उन्होंने स्कूल के छात्र-छात्राओं को नववर्ष और वार्षिक उत्सव की बधाई देते हुए अपने कर्तव्य पथ पर निरंतर कठिन परिश्रम कर आगे बढ़ने व अपने और अपने माता-पिता का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही लगातार दूसरी बार विधायक निर्वाचित होने पर सभी प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष सहयोग कर जीत दिलाने के लिए सबका धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में विधायक के साथ ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष तामेश्वर साहू, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष तोषन साहू, जनपद पंचायत सभापति पालसिह भुआर्य, कांग्रेस जोन अध्यक्ष टोमन दाऊ, ग्राम पंचायत सोरर के सरपंच सिन्हा, ओमप्रकाश यादव, वरिष्ठ कांग्रेस नेता लाल खान, कांग्रेस पार्टी के प्रवक्ता गोपाल खत्री, दिनेश भारती कुभंज और हायर सेकेंडरी स्कूल के प्राचार्य सहित सभी प्राध्यापकगण व ग्रामवासी सोरर उपस्थित थे।

## सांकरी की बालिकाओं ने बढ़ाया छत्तीसगढ़ का मान



**लाटाबोड़।** विकासखंड गुंडरदेही अंतर्गत ग्राम सांकरी के खिलाड़ियों ने अंडर 21 वर्ष में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करते हुए गुजरात में हुई रस्साकसी प्रतियोगिता में दिल्ली की टीम को हराकर ब्रांच मेडल अपने नाम कर लिया। प्रतियोगिता में सोलह राज्यों की टीम ने भाग लिया था। इस टीम में केशरी निषाद कप्तान, योगेश्वरी निषाद, ईशा पड़ोटी, भेष कुमारी, चेमिन निषाद, मेगा निषाद, राजेश्वरी, ममता कुंभकार, तृप्ति साहू शामिल हैं। इस अवसर पर ग्राम सांकरी के कोच व पूर्व नेशनल खिलाड़ी मोहनीश पाटिल, डॉक्टर युवराज पाटिल, कैलाश जोशी, सुखीराम ठाकुर, संतोष निषाद प्रदीप जोशी, दोमेश्वर कुंभकार, खिलानंद पटेल (ग्राम पटैल कमरौद), सरपंच सरिता निषाद, पंच गण एवं समस्त ग्रामवासी सांकरी ने इन खिलाड़ियों को बहुत-बहुत बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

**शासकीय विद्यालय कंवर की एनएसएस इकाई का डांडेसरा में लगा शिविर**

# स्वयंसेवकों ने की साफ-सफाई, चलाया जागरुकता अभियान

हरिभूमि न्यूज गुरूर





शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कंवर की एनएसएस ईकाई का डांडेसरा में 6 जनवरी को शिविर का आयोजन किया गया।मुख्य अतिथि सभापति जिला पंचायत बालोद केदार देवांगन थे, अध्यक्षता सरपंच ग्राम पंचायत डांडेसरा लक्ष्मी साहू ने की। विशेष अतिथि जनपद सदस्य गुरूर मीना धनुष साहू, अध्यक्ष शासकीय महाविद्यालय अरमरीकला टोमनलाल सोनबेर, ग्राम विकास समिति डांडेसरा उपाध्यक्ष ढाल सिंह साहू, ग्रामीण साहू साहू समाज डांडेसरा अध्यक्ष डामन लाल साहू, ग्राम विकास समिति डांडेसरा सचिव रूपसाय सोनबेर उपस्थित थे।

कार्यक्रम में नशा मुक्त समाज के लिए युवा की थीम को लेकर शिविर का आयोजन किया गया था, शिविर के दौरान परियोजना कार्य के तहत स्कूल परिसर, कला मंच, गली, तालाब के किनारे, सड़क ग्राम पंचायत डांडेसरा के आस पास कटीले झाड़ी की कटाई की गई। समापन समारोह में एनएसएस ईकाई कंवर को ग्राम पंचायत डांडेसरा के तरफ से प्रतीक चिन्ह प्रदान किया गया। जिसमे छात्राओं में लक्ष्मी, प्रीति, खेमिन, चांदनी, हर्षिता, चन्द्रप्रभा, मानवी, मेघा, अंजली, वंदना, लिलेश्वरी, नीलम, भूमि, नीशा रश्मि, तनुजा, औमेश पटेल, चेतना, डाली, रीना सहित जितेश्वर, ऋषभ, हैलेन्द्र, हुकुमचंद, साहिल, लिकेश्वर, तेजप्रकाश, रूपेन्द्र, यशकुमार, योगेश, द्रोण, शुभम, पुष्पेन्द्र, डामन, अजीत, कमलनारायण, करण, महेश्वर, रेशम कुमार उपस्थित थे।

### रात्रि में हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम

शिविर के दौरान प्रतिदिन बच्चों द्वारा प्रभात फेरी, योग, पीटी, जिसमें शिक्षक चुम्मनलाल साहू, भूमिका का सहयोग था व प्रतिदिन रात्रि 9 से 10 बजे तक सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति होती थी। बौद्धिक परिचर्चा के तहत मां बहादुरिन कला महाविद्यालय गुरूर प्राचार्य नाजमा बेगन, शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कंवर व्याख्याता एचके साहू, ब्रम्हकुमारी गुरूर चन्द्रप्रभा प्रजापिता, महिला एवं बाल विकास विभाग बालोद नरेन्द्र कुमार साहू, जिला बाल संरक्षण ईकाई बालोद की टीम में सीता गोस्वामी, पूजा साहू उपस्थित रहे।

